कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा।

विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक 3153/एसएलएसए-99/2019 दिनांकित 25-08-2022 के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, महोबा में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में निम्नलिखित पदों पर रखे जाने हेतु निर्धारित योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैष जिनको संविदा के आधार पर प्रारम्भत: 02 वर्ष के लिये रखा जायेगा, जिनकी संविदावधि उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर वर्षानुवर्ष बढ़ाई जा सकती है। विज्ञापित पदों का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र०सं०	पदों के नाम	पदो की संख्या
1.	चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल	01
2.	डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल	01
3.	असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल	02

अत: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के विस्तृत विज्ञापन में दी गयी पात्रता/योग्यता पूर्ण करने वाले व्यक्ति निर्धारित आवेदन-प्रारुप पर समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये अपना आवेदन पत्र, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के कार्यालय में दिनांक 14.09.2022 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त करा सकते है। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत/अधिक जानकारी एवं आवेदन-पत्र के प्रारुप के लिए कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,महोबा/जिला न्यायालय, महोबा की वेबसाइट **https://districts.ecourts.gov.in/mahoba** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 07.09.2022

(संजीव कुमार त्रिपाठी)
पूर्णकालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा को सूचनार्थ प्रेषित।
2. सूचना अधिकारी जनपद महोबा विज्ञप्ति का प्रकाशन जनहित में सभी दैनिक समाचार पत्रों में नि:शुल्क कराने का कष्ट करें।
3. सिस्टम असिस्टेंट को इस आशय से प्रेषित की वह विज्ञप्ति को जनपद न्यायालय, महोबा एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की बेवसाइट में अपलोड करायें।
4. जिला न्यायालय एवं जिला अधिवक्ता समिति महोबा, चरखारी एवं कुलपहाड़ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महोबा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो।

पूर्णकालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
महोबा।